भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1122
उत्तर देने की तारीख-29/07/2024

आईआईटी, तिरुपति में रिक्तियां

†1122. **श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), तिरुपति में संकाय के 120 स्वीकृत पदों में से 15 पद रिक्त हैं;
(ख) यदि हां, तो सरकार-अंशकालिक, अनुबंध या शिक्षकों की पुनर्नियुक्ति के माध्यम से रिक्तियों का प्रबंधन कर रही है;
(ग) क्या उपरोक्त रिक्तियां छात्रों की संख्या में वृद्धि के कारण उत्पन्न हुई हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने सितंबर, 2021 से शुरू करके एक वर्ष की अवधि के अंदर मिशन मोड में रिक्तियां भरने के लिए सभी केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों को निदेशित किया है; और
(ङ) यदि हां, तो उपरोक्त 15 रिक्तियों को भरने की स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ङ): भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुपति में नियमित पूर्णकालिक संकाय सदस्यों की वर्तमान संख्या 114 है। रिक्तियों का होना और उनको भरना एक सतत प्रक्रिया है। ये रिक्तियां सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र और छात्रों की बढ़ी हुई संख्या के कारण अतिरिक्त आवश्यकताओं के कारण उत्पन्न होती हैं।

केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) द्वारा मिशन मोड में संकाय सदस्यों और गैर-संकाय सदस्यों की भर्ती किया जाना एक सतत प्रयास है। अगस्त 2021 में, सभी सीएचआई से अनुरोध किया गया था कि वे अपने संस्थान में बैकलॉग रिक्तियों को मिशन मोड में भरने के लिए विशेष अभियान चलाएं। सितंबर 2022 से भी, सीएचआई ने रिक्तियों को भरने के लिए मिशन मोड भर्ती अभियान चलाया है, जिसके तहत दिनांक 12.02.2024 तक कुल 22,286 पद भरे जा चुके हैं। इनमें से, आईआईटी ने इस अवधि के दौरान 1900 से अधिक संकाय और 3100 गैर-संकाय पदों को भरा है।

*****